387

हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड, शिमला मण्डल शिमला-6 का लेखा परीक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 1.4.91 से 31.3.92 तक ।

भाग - 1

1. **पिछला लेखा परीक्षण प्रतिवेदन :-**

पिछले लेखा परीक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों में बकाया पैरों के निपटारे की स्थिति निम्न प्रकार से है । हि0प्र0 आवास बोर्ड के प्राधिकारियों से अनुरोध है कि पिछले समस्त प्रतिवेदनों में शेष पैरों के ऊपर शीघ्र कार्यवाही करके अनुपालना रिपोर्ट इस विभाग को भेजें ।

§क§ **अवधि 4/84 से 3/85 तक के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन की स्थिति**

§1§	पैरा 3 तथा 4	अनिर्णीत ।
§2§	पैरा 5	निर्णीत ।
§3§	पैरा 6§1§	निर्णीत ।
§4§	पैरा 6§6§§ए§तथा §बी§	निर्णीत ।
§5§	पैरा 6§10§§ए§	अनिर्णीत ।
§6§	पैरा 6§10§§बी§	निर्णीत ।
§7§	पैरा 7	अनिर्णीत ।
§8§	पैरा 9	निर्णीत ।
§9§	पैरा 11§ए§तथा§बी§	निर्णीत ।
§10§	पैरा 14	अनिर्णीत ।

§ख§ **अवधि 4/85 से 3/86 तक के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन की स्थिति**

स्थिति :

§1§	पैरा 4§सी से ई§	अनिर्णीत ।
§2§	पैरा 4§एफ§§1§	अनिर्णीत ।
§3§	पैरा 8§ए§	निर्णीत ।
§4§	पैरा 10§बी§	अनिर्णीत ।
§5§	पैरा 10§सी§	निर्णीत ।
§6§	पैरा 10§एफ§तथा§जी§	निर्णीत ।

388

(7)	पैरा 11(बी)	निर्णीत ।
(8)	पैरा 12(2)	अनिर्णीत ।
(9)	पैरा 12(3)4 तथा 5)	निर्णीत ।
(10)	पैरा 14(बी)	निर्णीत ।
(11)	पैरा 15(बी)	अनिर्णीत ।
(12)	पैरा 16	अनिर्णीत ।

(ग) अवधि 4/86 से 3/87 तक के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन की स्थिति :-

(1)	पैरा 4(1,4,6 से 8	अनिर्णीत ।
(2)	पैरा 5(1)	निर्णीत ।
(3)	पैरा 5(2)	अनिर्णीत ।
(4)	पैरा 5(3,4 तथा 5)	निर्णीत ।
(5)	पैरा 5(6 तथा 7)	अनिर्णीत ।
(6)	पैरा 5(9)	अनिर्णीत ।
(7)	पैरा 5(10 तथा 11)	निर्णीत ।
(8)	पैरा 5(12)(बी)	निर्णीत ।
(9)	पैरा 5(13)	अनिर्णीत ।
(10)	पैरा 6,7(1)तथा(2)	निर्णीत ।
(11)	पैरा 8(2)	निर्णीत ।
(12)	पैरा 9	अनिर्णीत ।
(13)	पैरा 10	निर्णीत ।
(14)	पैरा 12(1)तथा (2)	निर्णीत ।
(15)	पैरा 12(3)	अनिर्णीत ।
(16)	पैरा 12(4)	निर्णीत ।
(17)	पैरा 12(6)	अनिर्णीत ।
(18)	पैरा 13(1)	अनिर्णीत ।
(19)	पैरा 13(2)	निर्णीत ।
(20)	पैरा 13(3) से (5)	अनिर्णीत ।
(21)	पैरा 13(6)	निर्णीत ।
(22)	पैरा 14	अनिर्णीत ।

389

(घ) अवधि 4/87 से 3/88 तक के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन की स्थिति :-

(1)	पैरा 4(2)	निर्णीत ।
(2)	पैरा 4(3) तथा (4)	अनिर्णीत ।
(3)	पैरा 4(5)	निर्णीत ।
(4)	पैरा 4(7)	अनिर्णीत ।
(5)	पैरा 4(9)	निर्णीत ।
(6)	पैरा 4(10) से 12(बी)	अनिर्णीत ।
(7)	पैरा 4(12)(सी)	निर्णीत ।
(8)	पैरा 4(13)	निर्णीत ।
(9)	पैरा 4(14) तथा (15)	अनिर्णीत ।
(10)	पैरा 5	अनिर्णीत ।
(11)	पैरा 6(2)से(5)	अनिर्णीत ।
(12)	पैरा 6(6)तथा(7)	निर्णीत ।
(13)	पैरा 7(2)से (6)	अनिर्णीत ।
(14)	पैरा 8(2)से (9)	अनिर्णीत ।
(15)	पैरा 9(1) से (4)	अनिर्णीत ।
(16)	पैरा 9(5)	निर्णीत ।
(17)	पैरा 9(6)	अनिर्णीत ।
(18)	पैरा 10(1) से (5)	अनिर्णीत ।
(19)	पैरा 10(6)	निर्णीत ।
(20)	पैरा 11(ए)(1)	निर्णीत ।
(21)	पैरा 11(1)(बी)(1)	अनिर्णीत ।
(22)	पैरा 11(1)(बी)(2से(8)	निर्णीत ।
(23)	पैरा 11(1)(सी)	निर्णीत ।
(24)	पैरा 11(2)तथा (3)	निर्णीत ।
(25)	पैरा 11(4)(ए)तथा (बी)	अनिर्णीत ।
(26)	पैरा 11(4)(सी)तथा (डी)	निर्णीत ।
(27)	पैरा 11(5)	निर्णीत ।

§ड.§ अवधि 4/88 से 3/89 तक के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन की स्थिति :-

§1§	पैरा 4§1§	
§2§	पैरा 4§2§ तथा §3§	निर्णीत ।
§3§	पैरा 4§4§§बी§	अनिर्णीत ।
§4§	पैरा 4§4§§डी§से §एफ§	अनिर्णीत ।
§5§	पैरा 4§5§ तथा §6§§ए§.	अनिर्णीत ।
§6§	पैरा 4§6§§बी§से §12§§सी§	निर्णीत ।
§7§	पैरा 5 तथा 6	अनिर्णीत ।
§8§	पैरा 7§2§	अनिर्णीत।
§9§	पैरा 7§3§§ए§	अनिर्णीत ।
§10§	पैरा 7§3§§बी§से §डी§	अनिर्णीत ।
§11§	पैरा 7§3§§ई§	निर्णीत ।
§12§	पैरा 7§4§से §5§	अनिर्णीत
§13§	पैरा 7§6§	निर्णीत ।
§14§	पैरा 7§8§	अनिर्णीत ।
§15§	पैरा 7§9§तथा§10§	अनिर्णीत ।
§16§	पैरा 8 से 10	निर्णीत ।
§17§	पैरा 11	अनिर्णीत ।
§18§	पैरा 12§1§ से §7§	निर्णीत ।
§19§	पैरा 12§9§	अनिर्णीत ।
§20§	पैरा 13	अनिर्णीत ।
		अनिर्णीत ।

§च§ अवधि 4/89 से 3/90 तक के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन की स्थिति :-

§1§	पैरा 3	निर्णीत ।
§2§	पैरा 4§1§	अनिर्णीत ।
§3§	पैरा 4§2§	निर्णीत ।
§4§	पैरा 4§3§ तथा§4§	अनिर्णीत ।
§5§	पैरा 4§5§§ए§	निर्णीत ।
§6§	पैरा 4§5§§बी§	अनिर्णीत ।
§7§	पैरा 4§5§§सी§	अनिर्णीत ।

(8)	पैरा 4(5)(डी)	अनिर्णीत ।
(9)	पैरा 4(6)(ए)	निर्णीत ।
(10)	पैरा 4(6)(बी)	अनिर्णीत ।
(11)	पैरा 4(8)से(15)(ए)	अनिर्णीत ।
(12)	पैरा 4(16)से 21)	अनिर्णीत ।
(13)	पैरा 5	अनिर्णीत ।
(14)	पैरा 6(1) से (4)	अनिर्णीत ।
(15)	पैरा 6(5) तथा (6)	निर्णीत ।
(16)	पैरा 6(7)	अनिर्णीत ।
(17)	पैरा 6(8)	निर्णीत ।
(18)	पैरा 7	अनिर्णीत ।
(19)	पैरा 8(1) से (2)	अनिर्णीत ।
(20)	पैरा 8(4) से (12)	अनिर्णीत ।
(21)	पैरा 8(13)	निर्णीत ।

(छ) अवधि 4/90 से 3/91 तक के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन की स्थिति :-

इस अवधि का लेखा परीक्षण प्रतिवेदन परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा० हिमाचल प्रदेश, शिमला-2 के पृष्ठांकन संख्या: फिन(एल०ए०)(एच)(2)(15)16-123/88 दिनांक 28.9.93 द्वारा जारी किया गया था तथा शिमला मण्डल कार्यालय में दिनांक 28.9.93 को ही प्राप्त ~~को ही प्राप्त~~ हुआ है । इस लेखा परीक्षा प्रतिवेदन का सटिप्पण उत्तर अभी तक भेजा नहीं गया है । जिसे अविलम्ब प्रस्तुत किया जाए । फिर भी पैरा 5(ट), 5(अ), 5(द) (2),5(ग), 7(ख), 8, 9(ख), 10, 11(क), 13(क), 13(ग), 16(ग), 16(ड.) तथा 16(ई) को लेखा परीक्षण के दौरान निर्णीत कर दिया गया है । तथा शेष सभी पैरों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है ।

भाग-2

2. वर्तमान लेखा परीक्षण :-

वर्तमान लेखा परीक्षण अवधि 4/91 से 3/92

392

तक, जिस के परिणाम आगामी पैरों में किए गए है, सर्वश्री कोल सिंह तथा सैन राम रंजन, अनुभाग अधिकारियों द्वारा दिनांक 25.8.93 से 12.11.93 तक शिमला में किया था। अप्रैल 1991 तथा मार्च 1992 के मासों के लेखों का चयन विस्तार पूर्वक जांच करने हेतु किया गया। सम्बन्धित पैरों में वर्णित अभिलेखों के अतिरिक्त अन्य समस्त अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किए गए।

3. लेखा परीक्षा शुल्क :-

लेखा परीक्षा शुल्क सरकारी कोष में जमा करवाने हेतु हि०प्र० आवास बोर्ड मुख्यालय में संयुक्त रूप से अलग से सूचित किया जाएगा।

4. अग्रिम :-

(क) कर्मचारी वर्ग को अग्रिम :-

हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड शिमला मण्डल के अधीन विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम पर 31.3.1992 को मु0 1,66,131.05 रु0 की राशि कर्मचारियों को अग्रिम के रूप में समायोजन के लिए बकाया पड़ी थी जिस का ब्योरा कर्मचारी अनुसार आवास बोर्ड के वार्षिक लेखा में दिया गया है। अग्रिम राशियों को समय पर वसूल न करने की स्थिति को बोर्ड के प्राधिकारियों के लेखे अविलम्ब वसूल करने हेतु समुचित कदम उठाऐं। संलग्न विवरणिका में से वर्णित बहुत से अधिकारी/कर्मचारी इस मण्डल से स्थानान्तरित हो चुके है परन्तु उन्होंने अग्रिम राशियों का समायोजन कराने हेतु कोई भी प्रयास नहीं किए है।

(ख) विविध अग्रिम :-

मु0 3256056.51 रु0 की धन राशि दिनांक 31.3.92 को अग्रिम के रूप में विभिन्न विभागों संस्थाओं फर्मों तथा कर्मचारियों के विरुद्ध समायोजन के लिए बकाया पड़ी थी। जिसका विवरण आवास बोर्ड के वार्षिक लेखों में दिया गया है। उपरोक्त अग्रिम की समय पर वसूल नहीं करने की स्थिति बहुत ही चिन्ताजनक है क्योंकि इन अग्रिम राशियों का बकाया उन द्वारा अपने पास बिना किसी प्रयोजन के रखने का औचित्य

[illegible]

-393-

कोई भी प्रतीत नहीं हो रहा है । अतः इन राशियों की समय व रहते हुए साथ-2 वसूली की जानी चाहिए थी । परन्तु इसके विपरीत वसूली करने के प्रयत्न नहीं किए गए है । यह मामला आवास बोर्ड के प्राधिकारियों के ध्यान में उचित कार्यवाही हेतु लाया जाता है । तथा अग्रिम राशियों के समायोजन हेतु सम्बन्धित विभागों से मामला उठायें ।

5. निर्माण कार्य :-

उप मण्डल -2 शिमला-

(क) वाउचर संख्या 156 दिनांक 31.3.92 राशि मु0 56996.00 रु0

निर्माण कार्य का नाम : ग्रामीण विकास विभाग के अधिन ट्राईसम कार्यक्रम में ग्राम सेवक ट्रेनिंग सैन्टर होस्टल भवन मशोबरा का निपेक्ष निर्माण कार्य ।

इस निमार्ण कार्य के लिए मु0 56,996.00रु0 का भुगतान श्री प्रेम सिंह ठेकेदार को द्वित्तीय चलत बिल के रूप में अनुबन्ध संख्या 6 वर्ष 1991-92 के अधिन किया गया । इस निमार्ण कार्य की जांच उपरान्त निम्नलिखित आपत्तियां एवं अनियमितताऐं पाई गई । जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार से है :-

(1) ग्रामीण विकास विभाग के अधीन ट्राईसम कार्यक्रम में ग्राम सेवक ट्रेनिंग सैन्टर होस्टल भवन मशोबरा, हि0प्र0 आवास बोर्ड से निपेक्ष निमार्ण कार्य (Deposit work) के रूप में निष्पादन किया जा रहा है । इस निर्माण कार्य के लिए सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, हि0प्र0 सरकार के पत्र संख्या: 3-46/91-ए0डब्लयू(ट्रै) दिनांक 12.6.1991 के अन्तर्गत प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति अधिकतम राशि मु0 15,10,200/-रु0 के लिए जारी की गई । परन्तु इस निमार्ण कार्य के निष्पादन आरम्भ करने से पहले सक्षम प्राधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है जो कि अनियमित है । इस के अतिरिक्त यह पाया गया कि इस निमार्ण कार्य के निष्पादन हेतु दर निविदाऐं दो बार बुलाई गई परन्तु ~~तथा उसी दिन खोली गई । इसके लिए~~ इस सम्बन्ध में कोई भी औचित्य स्पष्ट नहीं किया

394

गया । पहली बार 8.4.91 के लिए निविदाएँ बुलाई गई तथा उसी दिन खोली गई । इसके लिए पांच ठेकेदारों से निविदाएँ प्राप्त हुई थी तथा पत्र संख्या: एच0बी0ई0/ए-एन0आई0टी0/78-खण्ड-III-1419 दिनांक 27.6.91 द्वारा अधीक्षक अभियन्ता, हि0प्र0 आवास बोर्ड शिमला-2 को भेजी गई तथा पांचों ठेकेदारों द्वारा उद्धृत किए गए दरों के अनुसार श्री मोहिन्द्र सिंह भल्ली ठेकेदार जिस की दरें सब से कम थी जो डी0एन0आई0टी0 की राशि 677872.00 रू0 के उपर कुल निविदा राशि 1045580.70 रू0 थी जोकि 54.24 प्रतिशत सम्पूर्ण प्रीमियम बनता था । परन्तु अधीक्षण अभियन्ता, हि0प्र0 आवास बोर्ड शिमला द्वारा उपरोक्त निविदा बिना किसी औचित्य के अस्वीकृत कर दी गई तथा ज्ञापन संख्या एच0बी0(डी0बी0) टाईसम होस्टल/मशोबरा/शिमला/90-खण्ड-1 दिनांक 26.7.91 द्वारा निविदाएँ दुबारा बुलाने को कहा गया परन्तु दूसरी बार बुलाने का कोई औचित्य नहीं दिया गया तदानुसार निविदाएँ 21.8.91 के लिए दुबारा बुलाई गई और उसी दिन खोली गई और तीन संविदाकारों से निविदाएँ प्राप्त हुई तीनों ठेकेदारों द्वारा उद्धृत दरों के अनुसार श्री प्रेम सिंह ठेकेदार के पक्ष में निविदा स्वीकृत की गई जो कि डी0एन0आई0टी0 राशि 540963/-रू0 (दूसरी बार परिवर्तित की गई राशि) पर कुल निविदा राशि 898219.25रू0 थी तथा 66.04 प्रतिशत सम्पूर्ण प्रीमियम बनता था । इस प्रकार दूसरी बार निविदाएँ बुलाने पर 11.8 प्रतिशत राशि का ठेकेदार को अधिक प्रीमियम देना पड़ा । जिसका पूर्ण ब्यौरा निम्न प्रकार से है :-

पहली बार निविदाएँ बुलाने पर प्रीमियम	54.24 %
दूसरी बार निविदाएँ बुलाने पर प्रीमियम	66.04 %
अन्तर	(66.04-54.24)=11.8%
अधिक वित्तीय प्रभार	=540963/-डी0एन0आई0टी0राशि का 11.8%

$$= \frac{540963 \times 11.8}{100}$$

$$= 63833.63 = 63834/-\text{रू0}$$

-395-

इस प्रकार 53,834.00 रु0 का हि0प्र0 आवास बोर्ड को नुकसान करके संविदाकार को अधिक भुगतान किया गया । दूसरी बार बुलाई गई निविदाओं के लिए विभागीय औचित्य भी तैयार नहीं किया गया । जबकि तुलनात्मक तालिका में यह प्रतिशत 71.25 प्रतिशत दिखाया गया है इसके अतिरिक्त विस्तृत ~~विश्ले~~ विश्लेषण भी लेखा परीक्षण में जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया ।

§2§ माप पुस्तिका संख्या 809/91 पृष्ठ 13 की प्रविष्टियों का परीक्षण करने पर पाया कि "प्रोवाईडिंग एण्ड लेईंग सीमैन्ट कन्करीट 1:4:8§1 सीमैन्ट: 4 रेता: 8 रोड़ी 40 एम0एम0§ की मद का अतिरिक्त मद के रूप में निष्पादन किया गया । इस मद के पीलर के निष्पादन में ऊंचाई 30 सैन्टीमीटर ली गई जबकि स्वीकृत ड्राईंग तथा डिजाईन में 15 सेन्टीमीटर थी । कुल 18 पीलरों में 10 पीलरों का माप 30 सैन्टीमीटर ऊँचाई लेकर किया गया । तथा 8 कालम का माप 15 सेन्टीमीटर लेकर ही किया गया । जबकि स्वीकृत ड्राईंग तथा डिजाईन के अनुसार सभी कालम में इस मद के निष्पादन हेतु ऊँचाई 15 सैन्टीमीटर ही ली जानी थी । यदि 10 कालमों का माप तथा निष्पादन वास्तव में ही 0.30 मीटर ऊँचाई लेकर किया गया है फिर भी ड्राईंग तथा डिजाईन में बदलाव के लिए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अनिवार्य थी जो लेखा परीक्षण में मांगने पर भी नहीं दिखाई गई । इस मद का सम्बन्धित सहायक अभियन्ता द्वारा निर्धारित दर पर टैस्ट-चैक भी नहीं किया गया है । जिस के बिना यह सत्यापन नहीं हो सका । कि यह मद वास्तव में ही 30 सन्टीमीटर ऊंचाई लेकर की गई है अथवा 15 सैन्टीमीटर । इस प्रकार गलत पैमाईश से संविदाकार को मु0 1925.30 रु0 का अधिक भुगतान हुआ है जिस का ब्यौरा निम्न प्रकार से है :-

लगातार पृष्ठ..10 प

396

विवरण	माप पुस्तिका के अनुसार माप घनमीटर में ।	वास्तविक माप घनमीटर में ।	अन्तर घनमीटर में
कालम $ए_2 ए_3 ए_4$ तथा $ए_5$	4×1.75×1.85×0.30 = 3.88	4×1.75×1.85×0.15 =1.94	1.94
कालम $ए_1$ तथा $ए_6$	2×1.20×1.30×0.30 = 0.93	2×1.20×1.30×0.15 =0.47	0.46
कालम $बी_1$ तथा $बी_3$	2×1.45×1.55×0.30 = 1.34	2×1.45×1.55×0.15 = 0.67	0.67
कालम $बी_4$	1×1.25×1.35×0.30 = 0.51	1×1.25×1.35×0.15 = 0.25	0.26
कालम $बी_2$	1×1.55×1.65×0.30 = 0.76	1×1.55×1.65×0.15 = 0.38	0.38
			3.71

अधिक भुगतान 3.71 घनमीटर,518.95 रु0
प्रतिघन मीटर की दर से = 3.71×518.95 = 1925.30 रु0

(3) माप पुस्तिका 809/91 पृष्ठ-15 की प्रविष्टियों की जांच पड़ताल उपरान्त पाया गया कि नीव में कालम के फोर्म वर्क की मद के निष्पादन में एक साईड की लम्बाई 1.80 मीटर ली गई जबकि वास्तव में यह लम्बाई ड्राइंग एवं डिजाईन के अनुसार 1.60 मीटर थी । इस प्रकार इस मद की पैमाईश चार कालमों में 4×2×1.80×.20= 2.88 वर्ग मीटर ली गई जबकि यह वास्तव में 4×2×1.60×0.20=2.56 वर्ग मीटर होनी चाहिए थी । इस प्रकार 0.32 वर्ग मीटर(2.88-2.56) की अदायगी 40/-रु0 प्रतिवर्ग मीटर के दर से 13/-रु0 का अधिक भुगतान किया गया है जिस की अविलम्ब वसूली की जाए । तथा अनुपालना आगामी लेखा परीक्षा में दिखाई जाए ।

-397-

(4) माप पुस्तिका संख्या: 809/91 पृष्ठ-33 की प्रविष्टियों की जांच करने पर पाया गया कि "प्रोवाईडिंग एण्ड लेईंग" सीमेन्ट कन्करीट 1:4:8 (1-सीमेन्ट: 4 रेता: 8 बजरी 40 एम0एम0) की मद का अतिरिक्त मद के रूप में निष्पादन किया गया। परन्तु इस मद की दरें अनुबन्ध के क्लाज 12(2) के अनुसार 496.70 रू0 बनती है । जबकि अदायगी 518.95 रू0 प्रति घन मीटर के हिसाब से दी गई है । इस मद का शड्यूल रेट जो कि एस0आर0-1987 के अनुसार देय था, 361.80 रू0 प्रतिघनमीटर है जबकि यह दर 378/-रू0 प्रतिघन मीटर (जो 25 एम0एम0 बजरी के लिए है) का लगा कर के इस मद के माध्यम से 254.30रू0 की अधिक अदायगी की गई है । जिसका पूर्ण विवरण निम्न प्रकार से है :-

1. ठेकेदार ने 1:6:12 (1 सीमैन्ट:6 रेता:12 बजरी 40 एम0एम के लिए उद्धृत की गई दर — 400/-रू0 प्रति घनमीटर ।

2. शड्यूल रेट एस0आर0 1987 के मद 9.16(ए) के आधार पर — 291.35 रू0 प्रतिघन मीटर

3. शड्यूल रेट एस0आर0 1987 के मद सं0 9.14 के अन्तर्गत वास्तविक निष्पादित की गई मद 1:4:8 (1 सीमैन्ट:4 रेता :8 बजरी) — 361.80 रू0 प्रतिघन मीटर

4. वास्तविक दर जो दी जानी थी । $\frac{400.00 \times 361.80}{291.35}$ = 496.70 रू0 प्रति घनमीटर ।

5. ठेकेदार को भुगतान की गई राशि — 518.95 रू0 प्रति घनमीटर ।

6. अन्तर (अधिक भुगतान) = 518.95-496.70) = 22.25 रू0 ~~प्रतिघन मीटर~~ प्रति घन मीटर

7. कुल मात्रा — 11.43 घनमीटर

8. अधिक भुगतान = 11.43 × 22.25 = 254.30 रू0

इस प्रकार इस मद में मु0 254.30 रू0 का सम्बन्धित संविदाकार को अधिक अदायगी की गई है जिस की अविलम्ब वसूली करके अनुपालना आगामी लेखा परीक्षा के समय दिखाई जाए ।

-398-

(ख) वाउचर संख्या 91 दिनांक 25.3.92 राशि 11310.00 रू

निर्माण कार्य का नाम : सामाजिक आवास बस्ती संजौली का निर्माण कार्य(प्रोवाईडिंग पी0 वी0आई0 फीटज ट्रेप दरवाजे 72 नम्बर एम0आई0जी0 तथा 84 नम्बर एम0आई0जी0 फ्लैटस)

मु0 11310/-रू0 की अदायगी मै0 सिंध उद्योग दली, ठेकेदार को वर्क आर्डर संख्या: 53, वर्ष 1991-92 के एवज में किया गया । इस कार्य की जांच पड़ताल करने पर निम्नलिखित आपत्तियाँ एवं अनियमिततायें लेखा परीक्षण में पाई गई जिन का ब्यौरा इस प्रकार से है :-

(1) 72 नम्बर तथा 84 नम्बर एम0आई0जी0 फ्लैट के निमार्ण के लिए उप-सचिव (आवास) हि0प्र0 सरकार द्वारा पत्र संख्या एच0एस0जी0-3-सी(12)-5/83 दिनांक 14.8.84 द्वारा मु0 75,66,000/-रू0 के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई परन्तु इस मद के अन्तर्गत प्रोवाईडिंग आफ ट्रेप डोर के निमार्ण के लिए उपरोक्त प्रशासनिक स्वीकृति में प्रावधान नहीं था । इस निमार्ण कार्य के लिए राशि 13630/-रू0 का व्यवहारिक अनुमान पत्र संख्या: एच0बी0ई0(बी0बी0) सामाजिक/संजौली-90-2939-40 दिनांक 20.8.90 द्वारा स्वीकृत किया गया परन्तु तकनीकी स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई जो कि अनियमित है । इस निर्माण कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति तथा तकनीकी स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करके आगामी पड़ताल के समय दिखाई जाए ।

(2) स निमार्ण कार्य के निष्पादन करवाने हेतु संविदाऐं प्राप्त हुई थी । जिन में मै0 सिंध इण्डस्ट्रीज दली की दरें समस्त प्राप्त संविदाऐं में से निम्न पाई गई, जिसमें दर रु 520/-रू0 प्रति वर्ग मीटर उद्धृत की गई थी । और मै0 सिंध इण्डस्ट्रीज दली के पक्ष में निर्माण कार्य आदेश स्वीकृत तथा जारी किया गया । स्वीकृत एवं निम्न दर के औचित्य को विभागीय औचित्य गलत बाजार भाव पर बनाया गया जो कि 553.95रू0 बनाया जिस में रंग रोगन का तत्व भी सम्मिलित किया गया

– 399 –

है जबकि मात्रा अनुसूचि में इस मद के अन्तर्गत रंग-रोगन का तत्व सम्मिलित नहीं था इस प्रकार ठेकेदार द्वारा अपनी दरें बिना रंग रोगन के तत्व के अनुसार उद्धृत की थी । इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता द्वारा निमार्ण कार्य आदेश को स्वीकृत करते समय टिप्पणी की थी कि उक्त कार्य में रंग रोगन की कोई आवश्यकता नहीं है तथा दर निर्धारिण विभागीय औचित्य के अनुसार किया जाए । यद्यपि प्राक्कार द्वारा सही स्थिति न दर्शा कर यह कहा गया कि ठेकेदार की दर विभागीय औचित्य के अन्दर ही है । इस प्रकार रंग रोगन के तत्व को गलत लिया गया है क्योंकि ठेकेदार ने दर बिना रंग रोगन तत्व के अनुसार उद्धृत की थी । इस तत्व को लेने से 55.02 रु0 {47.85 रु0+ 7.17 रु0} विभागीय औचित्य अधिक बना तथा विभागीय औचित्य रंग रोगन की मद को कम करके 498.95 रु0 स्वीकृत किया जाना था । इस प्रकार ठेकेदार को विभागीय औचित्य से अधिक दर स्वीकृत की गई जो कि नियमों के प्रतिकूल है तथा 21.05 रु0 प्रति वर्ग मीटर की दर से माप पुस्तिका संख्या-811 पृष्ठ -22 के अनुसार 21.75 वर्ग मीटर के लिए कुल 457.85 रु0 अधिक भुगतान किया गया जिस की अविलम्ब वसूली की जाए तथा अनुपालना लेखा परीक्षण को दिखाई जाए ।

{ग} वाउचर संख्या: 154 दिनांक 31.3.92 राशि 17761/-रु0

निर्माण कार्य का नाम : सामाजिक आवास वस्ती संजोली का निर्माण कार्य ।{धरातल फ्लैटों में लोहे की ग्रिल उपलब्ध करवाना

ठेकेदार का नाम : श्री बलदेव सिंह ।

इस निमार्ण कार्य के लिए श्री बलदेव सिंह ठेकेदार को राशि 17761/-रु0 नं0 निर्माण कार्य आदेश संख्या 30 वर्ष 1991-92 के अन्तर्गत भुगतान किया गया । इस निर्माण कार्य के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति सचिव एवं मुख्य अभियन्ता ने पत्र संख्या: एच0बी0{सी0बी0}सामाजिक संजौली/ शिमला/88-खण्ड-6 दिनांक 3.11.90 द्वारा राशि 14090/-रु0

400

के लिए स्वीकृति की है तथा इसी के आधार पर अधिशासी अभियन्ता ने राशि 14090/-रु० के लिए तकनीकी स्वीकृति प्रदान की है । परन्तु लेखा परीक्षण में जांच पड़ताल उपरान्त पाया गया कि इस कार्य पर कुल व्यय राशि 33677.00 रु० किया गया जिस की प्रविष्टियां माप पुस्तिका संख्या: एच०बी०ई०/812 पृष्ठ-3 तथा पृष्ठ-8 पर क्रमश: राशि 17761.00रु० तथा 15916/ रु० के लिए की गई हैं जिस का कुल जोड़ राशि 33677.00रु० है इस प्रकार इस निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत राशि से शतप्रतिशत से भी अधिक खर्च किया है । जो कि आपत्तिजनक है । इस अधिक व्यय की गई राशि का औचित्य बताया जाए तथा सक्षम प्राधिकारी से संशोधित कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करे तथा अनुवर्तन आगामी पड़ताल के समय दिखाई जाए ।

इसी प्रकार इस राशि का भुगतान करते समय लेखों में इसका गलत वर्गीकरण किया गया है । जबकि उपरोक्त स्वीकृती में स्पष्ट रूप से लिखा गया था कि इस निर्माण कार्य के व्यय को बोर्ड अपनी निधि में से करेगा । परन्तु इसके विपरीत व्यय को सामाजिक आवास बस्ती संजौली में से व्यय दिखाया गया है । जो कि अनियमित ही नहीं बल्कि गलत भी है । क्योंकि जहां यह ब्रिलें उपलब्ध करवाई गई है वह बोर्ड की अपनी सम्पत्ति है इसलिए इस गलत वर्गीकरण को सही करके लेखांकन किया जाए तथा अनुवर्तन आगामी पड़ताल के समय दिखाई जाए ।

(घ) वाउचर संख्या 69 मास 3/92 मु० 14678.00 रु० :

निर्माण कार्य: आवास बस्ती संजौली में बूथ का निर्माण ।
वर्क आर्डर संख्या: 57 वर्ष 1991-92

उक्त कार्य में भूमि की खुदाई तथा मिट्टी को उठाने का कार्य किया गया जिसमें पिक वर्क तथा जम्पर वर्क क्रमश: 50% : 50% की औसत से किया जाना था. ठेकेदार ने आईटम रेट के अन्तर्गत 31 रु० प्रतिघन मी० की दर से किया जाना स्वीकार किया था । तथा यह दर विभागीय औचित्य

401

ग्रु0 31.60 रु0 प्रति घनमीटर बनने पर प्रस्तावित किया गया है । विभागीय औचित्य के अवलोकन से पाया गया कि दर विश्लेषण में ड्रिलिंग इन्स्ट्रूमेन्ट डैटोनेटर लैम्पी फ्यूज़ तथा मजदूरी तत्वों को भी शामिल किया गया जबकि कार्य केवल पिक तथा जम्पर वर्क में होना था । अतः इन तत्वों को निकाल कर के दर अंकेक्षण में इस प्रकार से बनती है ।

10 घन मीटर के लिए विवरण

पिक वर्क

1. बेलदार	128.35
जमा 15% सी0पी0व अन्य प्रभार	19.25
योग	147.60
प्रति घन मीटर	14.76
2. जम्पर वर्क	
लेबर (बेलदार)	256.70
जमा 15% सी0पी0व अन्य प्रभार	38.50
योग	295.20
प्रतिघन मीटर	29.52

औसत = (14.76+ 29.52) / 2 = 44.28 / 2

= 22.14 रु0 प्रतिघन मी0

अतिरिक्त दूरी 100 मी0 तक

मानक दर अनुसूचि 1987 की दर (मनुअल लेबर)	3.40
जमा 83.33% मजदूरी में बढ़ोतरी	2.83
योग	6.23

अतः देय दर = 22.14+ 6.23 = 28.37= 28.00 रु0

अन्तर = 31.00 - 28.00 = 3.00 रु0

भुगतान की कुल मात्रा = 473.49 घनमीटर

अधिक भुगतान = 473.49 x3=1420.47 रु0

402

इसके अलावा यह भी देखा गया कि कार्य की अनुमानित मात्रा 439.55 घन मीटर थी जबकि कुटेशन में इसे 502 घन मीटर दर्शाया गया जिसका स्पष्टीकरण दिया जाए। इसके अतिरिक्त यह भी देखा गया है कि इस कार्य के अनुमानित पत्र में मात्रा 439.55 घन मीटर बताई गई है। जबकि इस कार्य की कुटेशन मंगवाने वाले पत्र में यह मात्रा 502 घन मीटर दिखाई गई है। अत: भिन्नता को स्पष्ट किया जाए तथा इस अधिक भुगतान मु0 1420.47 रू0 की वसूली शीघ्र की जाए तथा अनुपालना आगामी लेखा परीक्षण में दिखाई जाए।

(ड.) उप मण्डल-1 शिमला

वाउचर संख्या: 98 दिनांक 26.3.92, राशि 39240/-

निर्माण कार्य का नाम : 4 नम्बर श्रेणी-1 क्वैट आवास बस्ती स्ट्राबेरी हिल्ज का निर्माण कार्य।

ठेकेदार का नाम : श्री जे0के0 नरूला।

अनुबन्ध संख्या: 7 वर्ष 1989-90

माप पुस्तिका संख्या : एच0बी0ई0/807/9।

इस निर्माण कार्य के लिए मु0 39240.00रू का भुगतान श्री जे0के0 नरूला ठेकेदार को किया गया। आवास बस्ती स्ट्राबेरी में स्वत: अर्थापोषित योजना के अधीन 8 नम्बर श्रेणी -1 फ्लैट के लिए अधिशासी अभियन्ता द्वारा ज्ञापन संख्या: एच0सी0(सी0बी0)स्ट्राबेरी/शिमला/86-खण्ड-4 दिनांक 19.4.89 विस्तृत प्राक्कलन राशि मु0 12,55,920/- के लिए तकनीकी रूप से स्वीकृत किया गया। विस्तृत जाँच पड़ताल उपरान्त पाया गया कि उपरोक्त प्राक्कलन के अधीन केवल 4 नम्बर फ्लैटों का ही निष्पादन किया जा रहा है इस लिए 4 नम्बर फ्लैटों के लिए तकनीकी स्वीकृति राशि 627960/-रू0 बनती है। यह स्थिति सी0एन0आई0टी0 से भी स्पष्ट है क्योंकि इस निमार्ण कार्य के लिए निविदा प्राप्त करते समय सी0 एन0आई0टी0 राशि 474700/-रू0

403

के लिए स्वीकृत की गई है । परन्तु इस निर्माण कार्य पर वास्तविक व्यय 820470.04रू0 हो चुका है जैसे कि माप पुस्तिका संख्या 870/91 पृष्ठ-78 की प्रविष्टि से स्पष्ट है इसे पूर्ण होने तक व्यय में अधिक वृद्धि होने की सम्भावना है । इस प्रकार 627960/-रू0 की तकनीकी स्वीकृति के लिए वास्तविक व्यय 820470.04 रू0 हो चुका है जोकि अनियमित है । अधिक व्यय का औचित्य स्पष्ट करते हुए सक्षम प्राधिकारी से संशोधित स्वीकृति ली जाए तथा भविष्य में प्राक्कलन तैयार करते समय ध्यान रखा जाए कि इस प्रकार की वृद्धि न होने पाए ।

इसी प्रकार 32 नम्बर श्रेणी -। फ्लैटों में भी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सचिव एवं मुख्य अभियन्ता से पत्र संख्या: एच0बी0-2।-।/स्ट्राबेरी/ए0एफ0 तथा ई0 एस0/प्रशासन -83 दिनांक 29.4.83 द्वारा राशि 4478945.00 रू0 के लिए प्राप्त की गई । उसमें 8 नम्बर श्रेणी -। फ्लैटों के निर्माण के लिए राशि 933096/-रू0 का प्रावधान था । परन्तु लेखा परीक्षण में पाया गया कि इस में से भी केवल 4 नम्बर श्रेणी-। के फ्लैटों का निष्पादन किया गया । शेष बनाए नहीं गए जिस से स्पष्ट है कि 4 नम्बर श्रेणी -। फ्लैटों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राशि 466548/- रू0 बनती है । परन्तु इन फ्लैटों के निष्पादन में तेहरवें चलत बिल तक वास्तविक व्यय राशि 820470.04 रू0 हो चुका है । जो कि प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति से शत प्रतिशत बढ़ गया है और इससे भी अधिक बढ़ने की सम्भावना है जो कि अनियमित है ही नहीं अपितु आपत्ति जनक भी है । इस प्रकार की प्रवृति उच्च अधिकारियों को अंधेरे में रखने वाली बात है । जैसे 32 नम्बर फ्लैटों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करके वास्तविक निष्पादन केवल 4 नम्बर फ्लैटों का ही किया गया और प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति 32 नम्बर की दिखाई गई और स्वीकृत प्रशासनिक स्वीकृति केअधीन ही व्यय दिखाया गया जो कि गलत एवं अनियमित है । इसलिए 4 नम्बर फ्लैटों के लिए कुल व्यय के साथ सक्षम प्राधिकारी से संशोधित स्वीकृति प्राप्त की जाए तथा अनुपालना आगामी लेखा परीक्षा पर दिखाई जाए ।

-404-

{घ} वाउचर संख्या: 142 दिनांक 31.3.92 राशि 2,07,954.00 रु0

निर्माण कार्य का नाम : केन्द्रीय जेल भवन कण्डा का निर्माण कार्य{4 नम्बर बैरेक्स ग्रुप-2 निरोध निर्माण कार्य।

अनुबन्ध संख्या :- 8 वर्ष 1987-90

इस निर्माण कार्य के लिए श्री अशोक कुमार, ठेकेदार को चौथे चलत बिल के रुप में राशि 207954.00रु0 का भुगतान किया गया । इस निर्माण कार्य के निष्पादन के लिए अधिनिर्णय पत्र सं0 एच0बी0ई0/ए-2{298}89-4770-76 दिनांक 21.9.89 द्वारा श्री अशोक कुमार ठेकेदार के पक्ष में स्वीकृति दी गई लेखा परीक्षण में पाया गया कि इस निर्माण कार्य को आरम्भ करने के लिए कार्यवाही सक्षम प्राधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किए बगैर ही की गई जो कि गलत एवं अनियमित है ।

इसी प्रकार इस निर्माण कार्य के अधिनिर्णय पत्र में निष्पादन आरम्भ करने की तिथि 5.10.1989 थी तथा शर्त संख्या4। के तहत कार्य पूर्ण करने का समय 1½ वर्ष था जो कि 4.4.91 तक बनता है तथा ठेकेदार ने 4.4.91 तक कार्य पूर्ण करना था । परन्तु लेखा परीक्षण में पाया गया कि ठेकेदार ने अभी तक भी निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया है । जिस के लिए ठेकेदार द्वारा समय बढाने हेतु सक्षम प्राधिकारी की अनुमति नहीं ली गई है जो कि गलत एवं अनियमित है क्यों कि निश्चित तिथि से भी अधिक समय हो चुका है परन्तु ठेकेदार ने अभी भी निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया है । समय पर कार्य पूर्ण न करने के लिए ठेकेदार से निविदा राशि का 10% दण्ड स्वरुप प्राप्त करना अनुबन्ध की धारा-2 के अन्तर्गत वांछित है । इस अनियमितता का लेखांकन किया जाए तथा अनुवंतन आगामी पड़ताल के समय दिखाई जाए ।

{ङ} वाउचर संख्या: 6 दिनांक 4.3.92 राशि 189757.00 रु0

निर्माण कार्य का नाम : केन्द्रीय जेल भवन कण्डा का निर्माण कार्य ।

{4 नम्बर बैरेक्स ग्रुप-1 निरोध निर्माण. कार्य ।

405

इस निर्माण कार्य के लिए श्री अशोक कुमार, ठेकेदार को पांचवें चलत बिल के रूप में राशि 189757.00 रु० का भुगतान किया गया । इस निमार्ण कार्य की जांच पड़ताल उपरान्त निम्नलिखित आपत्तियां एवं अनियमितता लेखा परीक्षण के दौरान पाई गई जिन का ब्यौरा इस प्रकार से है ।

§1§ इस निमार्ण कार्य के निष्पादन के लिए अधिनिर्णय पत्र संख्या: एच0बी0ई0/ए-2§296§/89-2721-27 दिनाँक 7.6.89 द्वारा श्री अशोक कुमार, ठेकेदार के पक्ष में स्वीकृति दी गई लेखा परीक्षण में पाया गया कि इस निमार्ण कार्य को आरम्भ करने के लिए कार्यवाही बगैर सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किए ही की गई जो कि गलत एवं अनियमित है ।

इसी प्रकार इस निर्माण कार्य के अधिनिर्णय पत्र में निष्पादन आरम्भ करने की तिथि 21.6.89 थी तथा शर्त संख्या: 1 के तहत कार्य पूर्ण करने का समय एक वर्ष था जो कि 20.6.1990 तक बनता है तथा ठेकेदार ने 20.6 1990 तक निर्माणकार्य पूर्ण करना वांछित था परन्तु लेखा परीक्षण में पाया गया कि ठेकेदार ने अभी तक भी निमार्ण कार्य पूर्ण नहीं किया है । जिस के लिए ठेकेदार द्वारा समय में बढ़ोतरी हेतु सक्षम प्राधिकारी की अनुमति नहीं ली है ।जो कि गलत एवं अनियमित है क्योंकि निश्चित तिथि से भी अधिक समय हो चुका है । परन्तु ठेकेदार द्वारा अभी तक निमार्ण कार्य पूर्ण नहीं किया है । समय पर कार्य पूर्ण न करने के लिए ठेकेदार से निविदा राशि का 10% दण्ड स्वरूप प्राप्त करना अनुबन्ध की धारा-2 के अन्तर्गत वांछित है । इस अनियमितता का लेखांकन किया जाए तथा अनुवर्तन आगामी पड़ताल के समय दिखाई जाए ।

§2§ श्री अशोक कुमार ठेकेदार के पक्ष में निविदा स्वीकृत करते समय प्रतियोगी ठेकेदारों में न्यूनतम दरों को उद्धृत करने के लिए बाजार भाव पर औचित्य बनाया बताया गया परन्तु विस्तृत विश्लेषण नहीं दिखाए गए जिससे निम्नतम दरों का औचित्य स्पष्ट हो सके । जबकि इस निविदा की निविदा राशि रु० 12,69,888.33 रु0 तथा डी0एस0आई0टी0 अनुमान राशि

2106

953405.00 रु० थी । इस प्रकार विभागीय औचित्य 39% बनाया गया तथा ठेकेदार को न्यूनतम दरों के आधार पर 33.19% तक प्रिमियम से निविदा स्वीकृत किया गया । औचित्य की पुष्टि के लिए विस्तृत विश्लेषण आगामी लेखा परीक्षण में दिखाया जाए ।

§3§ माप पुस्तिका संख्या: एच0बी0ई0/716/87 पृष्ठ 34 की प्रविष्टि की गणना तथा जांच में पाया गया कि 15 एम0 एम0 सीमेन्ट पलास्टर सिंगल कोट की मद में कुल निष्पादित की गई मात्रा 420.94 वर्गमीटर दिखाई गई जबकि वास्तविक मात्रा 419.96 वर्ग मीटर है इसी प्रकार मात्रा अनुसूचि में भी माप पुस्तिका संख्या: 776/90 पृष्ठ-54 के मद संख्या 14/27 में 420.94 वर्ग मीटर अग्रेनीत की गई जबकि वास्तव में 419.96 वर्गमीटर अग्रेनीत करनी चाहिए थी । इसी प्रकार भुगतान भी 420.94 वर्गमीटर के लिए ही किया गया । इस प्रकार 0.98 वर्गमीटर मात्रा के लिए 20/-रु0 प्रति वर्ग मीटर की दर से राशि 19.60 रु0 की अधिक भुगतान किया गया जिसे अविलम्ब वसूल किया जाए ।

§ज§ वाउचर संख्या 102 दिनांक 26.3.92 राशि 72723/-रु0 :

निर्माण कार्य का नाम : केन्द्रीय जेल भवन कण्डा का निर्माण कार्य§मुख्य बाह्य दिवार आर0डी0 360 से 380 व 870 से 1038 तक का शेष निर्माण कार्य ।

अनुबन्ध संख्या 5 वर्ष 1991-92

इस निर्माण कार्य के लिए श्री राजिन्द्र चौहान ठेकेदार को सातवें चलत बिल के रूप में राशि 72723/-रु0 का भुगतान किया गया । इस निर्माण कार्य के निष्पादन के लिए ठेकेदार को अधिनिर्णय आदेश संख्या/एच0बी0ई0/ए-2§3181§/91-2855-60 दिनांक 27.9.91 द्वारा निविदा राशि 2066730.95 रु0 के लिए आदेश जारी किए गए परन्तु लेखा परीक्षण में पाया गया कि इस निर्माण कार्य का प्राक्कलन सक्षम अधिकारी से तकनीकी रूप में स्वीकृत नहीं करवाया गया जो कि अनियमित एवं आपत्तिजनक है । इस अनियमितता का नियमितीकरण करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण के समय दिखाई जाए ।

507

(झ) वाउचर संख्या: 137 दिनांक 31.3.92 राशि 49598.00रु0

निर्माण कार्य का नाम: स्वत: अर्थपोषित योजना के अधिन स्ट्राबेरी हिल्ज में 8 नम्बर श्रेणी-2 फ्लैटस का निर्माण कार्य ।

अनुबन्ध संख्या: 2 वर्ष 1991-92

इस निर्माण कार्य के लिए पांचवें चलत बिल के रूप में श्री मोहिन्द्र सिंह मली, ठेकेदार को राशि 49598/- रु0 का भुगतान किया गया । ठेकेदार के पक्ष में निविदा राशी 930108.61 रु0 के लिए अधिनिर्णय पत्र संख्या: एच0बी0डी0/ए-2(316)/91-1184-90 दिनांक 12.6.91 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई । निविदा स्वीकृति करते समय प्रतियोगी ठेकेदारों में न्यूनतम दरों को उदधृत करने के लिए बाजार भाव पर औचित्य बनाया बताया गया । परन्तु विस्तृत विश्लेषण नहीं दिखाए गए जिसे न्यूनतम दरों का औचित्य की पुष्टि हेतु विस्तृत विश्लेषण आगामी लेखा परीक्षण में प्रस्तुत किया जाए ।

उप मण्डल सोलन

(ञ) वाउचर संख्या 70 मास 4/91 मु0 29950.00

निमार्ण कार्य: स्थल विकास(स्वय वित्तीय विकास योजना सोलन)
अनुबन्ध संख्या: 1 वर्ष 1990-91

उपरोक्त कार्य के लिए जारी डी0एन0आई0टी0 के अनुसार ब्लॉक नं0 19 तथा 20 में "कटिंग इन अर्थ वर्क" कार्य पिक वर्क, जम्पर वर्क, ब्लास्टिंग तथा चिजलिंग कार्य किया जाना था । जिसके लिए ठेकेदार ने 78 रु0 प्रति घन मीटर की दर से अपने रेट दिए । विभागीय औचित्य में इस कार्य की दर 69.55 रु0 बनाई गई तथा ठेकेदार के साथ बातचीत मे उसने अपने रेट 78 रु0 से 69.50 किए । माप पुस्तिका तथा अन्य सम्बद्ध अभिलेखों के अवलोकन से मालूम हुआ कि स्थल पर वास्तव में ब्लास्टिंग कार्य नहीं किया गया । जबकि ठेकेदार ने अपने रेट विभागीय औचित्य के अनुसार कम किए थे तो औचित्य

408 -

में लिए गए ब्लास्टिंग तत्वों को निकाल कर देय दरें बनानी चाहिए थी जो कि अंकेक्षण में इस प्रकार बनाई गई :-

10 घन मीटर के लिए

1. पिक वर्क

बेलदार	116.65
जमा 15% सी०पी०	17.50
	134.15
एक घन मी० के लिए	13.42

2. जम्पर वर्क

बेलदार	233.33
जमा 15% सी०पी०	34.99
	268.32
एक घनमीटर के लिए	26.83

20% पिक वर्क 13.42 की दर से	2.68	
80% जम्पर वर्क 26.83 की दर से	21.46	
	24.14	(1)
जमा 700 मीटर दूरी के लिए यांत्रिक वाहन प्रभार जोकि विभागीय औचित्य में लिया गया है	38.00	(2)
अत: देय दर	1+2	

= 24.14+ 38.00=62.14

= 62.15

अन्तर= 69.50 - 62.15= 7.35 रु०

प्रथम चलत बिल तक कार्य की मात्रा= 1780.69 घनमी०

अधिक भुगतान = 1780.69 x7.35 = 13088.07 रु०

इसी प्रकार वाउचर सं० 68 मास 4/91 द्वारा ब्लाक नं० 21 तथा 22 के लिए अनुबन्ध सं० 2 वर्ष 1990-91 के अन्तर्गत दूसरे चलित बिल तक 1628.37 घनमीटर

-409-

के लिए कुल 11968.50 रु० का अधिक भुगतान किया गया । अनुबन्ध संख्या 2 वर्ष 1990-91 के लिए वही रेट ठेकेदार को दिए गए जो कि अनुबन्ध संख्या 1 के लिए दिए गए थे ।

उक्त दोनों चलत बिलों में आयकर के ऊपर अधिकर 8% की छूट से काटा गया जबकि यह 12% की दर से काटा जाना था अतः आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाए ।

(ट) वाउचर संख्या 140 मास 3/92 मु0 8337.00 रु0

निर्माण कार्य : सामाजिक आवास बस्ति 48 नं0 एम0आई0जी0 फ्लैट सोलन ।

वर्क आर्डर नं0 67 वर्ष 1991-92 .

---

(1) वर्क आर्डर सं0 67 वर्ष 1991-92 द्वारा ब्लॉक नं0 4,5 तथा 6 के नीचे नालियां बनाने का कार्य किया गया जिसकी दर वर्क आर्डर सं0 20 तथा 64 वर्ष 1991-92 की दरों को आधार मान करके भुगतान किया गया । वर्क आर्डर सं0 20 तथा 64 में नींव में रोड़ी का कार्य 1:5:10 के अनुपात से किया गया था । जबकि वर्क आडर नं0 67 में यह कार्य 1:6:12 के अनुपात में किया गया जिसके लिए देय दर कम होनी चाहिए थी । मानक दर अनुसूचि 1987 में 1:5:10 की दर 314.35 रु0 है जबकि 1:6:12 की दर 291.35 रु0 है । इस प्रकार देय दर 1.80 रु0 कम होनी चाहिए थी । वर्तमान चलत बिल में 126.40 घ लत मीटर के लिए भुगतान किया गया जिसमे कुल 227.52 का अधिक भुगतान किया गया जिसकी वसूली ठेकेदार से की जाए ।

(2) इसके अलावा सीमेन्ट की सप्लाई विभागीय तौर पर की गई तथा जारी दर 101.97 रु0 था जबकि यह दर 108.15 रु0 लगाई जानी चाहिए थी जैसे कि सोलन के लिए जारी दर की नस्ति के पृष्ठ 97 पर दर निर्धारण के अनुसार 105 रु0+ 3% स्टोर प्रभार निर्धारित की गई थी । इस प्रकार 6.18रु0 प्रति बैग की दर से 3.6 सीमेन्ट बैग के लिए कुल 222.48 रु0 की कम वसूली की गई है जिसकी वसूली उचित माध्यम से करके

410

अनुपालना आगामी अंकेक्षण में अनुबन्ध के खण्ड 42 के प्रावधानानुसार दिखाई जाए । सीमेन्ट के खाली 36 बोरियों के निपटारे संबंधी अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए जो आगामी पड़ताल के समय दिखाई जाए अन्यथा इन 36 खाली बोरियों का मुल्य मु0 32.40 पै0 वसूल किए जाकर अनुवर्तन आगामी पड़ताल के समय दिखाई जाए ।

(ठ) वाउचर सं0 45 मास 3/92 मु0 1754.00 :-

निर्माण कार्य :- स्वंय वित्तीय योजना सोलन वर्क आर्डर सं0: 47 वर्ष 1991-92

उक्त निर्माण कार्य में 15 घनमीटर बोल्डर पत्थर विभाग द्वारा जारी किया गया जिसकी वसूली दर 48.70 प्रति घन मीटर बना कर की गई जो कि सही नहीं थी दर विश्लेषण का विवरण भी प्रस्तुत नहीं किया गया ।

सी0पी0डब्लयू डी अकाउंट कोड के पैरा 10.33 (बी) के अनुसार यदि निर्माण सामग्री विभाग द्वारा जारी की गई हो जिसके लिए अनुबन्ध में प्रावधान नहीं था उसकी वसूली दर बाजार दर या इशु दर जो भी अधिक हो, तय की जाएगी वर्तमान मामले में विभागीय औचित्य के लिए बोल्डर पत्थर की दर मानक दर अनुसूचि 1987 से 80-68 % आर ली गई है । जिसके अनुसार ही वसूली दर निर्धारित की जानी थी जोकि 79.50 रू0 प्रति घन मीटर बनती है । इस प्रकार मु0 1192.50रू0 की वसूली की जानी थी जबकि वसूली मु0 730.50 रू0 की गई । अत: मु0 462.00 रू0 की वसूली उचित माध्यम से करके अनुवर्तन आगामी पड़ताल के समय दिखाई जाए ।

(ड) वाउचर सं0 48 मास 3/92 मु0 5540.00 रू0

निर्माण कार्य : स्वंय वित्तीय योजना सोलन । (उप शीर्ष : ब्लॉक नं0 23-24 के सामने रैंगा लगाने का कार्य

वर्क आर्डर संख्या : 56 वर्ष 1991-92

— 411 —

§1§ उक्त निर्माण कार्य के प्रथम चलत बिल में दिए गए प्रमाण पत्र§7§ के अनुसार विभाग द्वारा 2 15 घन मीटर बोल्डर 2 पत्थर जारी किया गया जिसकी प्रविष्टि एम0ए0एस0 में की गई है लेकिन इसकी वसूली ठेकेदार से भुगतान बिल से नहीं की गई जो कि मु0 1192.50 रू0 बनती है । अतः मु0 1192.50 रू0 की वसूली सम्बन्धित व्यक्ति से शीघ्र अनुपालना आगामी पड़ताल के समय दिखाई जाए ।

§2§ 30 बैग सीमेन्ट की वसूली 103.00 प्रति बैग की दर से की गई है जबकि इस अवधि के लिए निर्धारित जारी दर 108.15 । इस प्रकार मु0 154.50 की कम वसूली की गई

इसी प्रकार वाउचर सं0 50 मास 3/92 द्वारा 60 सीमैन्ट बैग की मु0 309 रू0 की कम वसूली की गई है अतः यह कम वसूल की गई राशि 463.50 रू0 शीघ्र वसूल करके अनुवर्तन आगामी पड़ताल के समय दिखाई जाए ।

§ट§ <u>वाउचर संख्याः 116 मास 3/92 मु0 11336.00 रू0</u>

निर्माण कार्यः : स्वंय वित्तीय योजना सोलन §उप शीर्ष ब्लॉक नं0 23 तथा 24 के पीछे भूमि की कटाई तथा मलबे को हटाने का कार्य ।

वर्क आर्डर संख्याः 65 वर्ष 1991-92

§1§ उक्त निर्माण कार्य के लिए भूमि की कटाई ठेकेदार को 30.00 रू0 प्रतिघन मी0 की दर से भुगतान किया गया । जबकि इसका विभागीय औचित्य मु0 31.20 प्रति घन मी0 बताया गया है जिसमे पिक वर्क तथा जम्पर वर्क क्रमशः 50%- 50% के अनुपात में लिया गया है । जम्पर वर्क के औचित्य में कुछ तत्वों जैसे डैटोनेटर ड्रिलिंग उपस्कर सांधी वाईल फ्यूज आदि को सम्मिलित किया गया जिन्हें वास्तव में स्थल कंडीशनज के अनुसार शामिल नहीं किया जाना था । अतः दर इस प्रकार बनाई जानी थी :-

लगातार पृष्ठ 26 पर

-412-

पिक वर्क		14.76
जम्पर वर्क		29.44
औस्त दर	= 22.10 + अतिरिक्त लीड	
	= 22.10 + 5.86	
	= 27.96 = 28/-रु0	
अत: देय दर	= 28.00 प्रति घन मीटर	

अधिक भुगतान
===========

कुल मात्रा		231.11 घनमीटर
देय दर		28.00 प्रति घन मीटर
भुगतान दर		30.00 --"---
अन्तर		2.00 x231.11
	=	462.22 रु0

(2) मलबे को हटाने का कार्य :-
==========================

उक्त कार्य के लिए मु0 4402.64 रु0 का भुगतान किया गया जो कि टेंडर फारम के साथ संलग्न x(जनरल स्पैसिफिकेशन एण्ड कण्डीशन्ज) नं0 12,13 तथा 14 के अनुसार देय नहीं था क्योंकि यह व्यय उस ठेकेदार से वसूल किया जाना था जिसके निर्माण अवधि में यह मलबा गिरा था । इस प्रकार भुगतान का औचित्य उपरोक्त शर्तों के अनुसार किया जाए ।

इसके अतिरिक्त यह भी पाया गया कि देय दर का विभागीय औचित्य ~~में~~ सही नहीं बनाया गया है । जिसके अनुसार ठेकेदार ने अपने मद दर कम किए थे । विभागीय औचित्य में जो तत्व शामिल किए गए वह स्थल दशा के अनुकूल नहीं थे । तथा देय/औचित्य दर मानक दर अनुसूचि 1987 के दर 8.85+83.33% के अनुसार बनाकर मु0 16.20 रु0 के दर से 200.12 घनमीटर पर 3241.94 रु0 देय थे । इस प्रकार 200.12 घनमीटर के लिए 5.80 प्रतिघन मीटर के दर से 1160.70 रु0 का अधिक भुगतान किया गया है । जिसकी

वसूली शीघ्र करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाए ।

(ण) वाउचर सं0 82 मास 3/92 रु0 26611.00 :

निर्माण कार्य : 24 मध्य आय वर्ग मकान सोलन का निर्माण कार्य ।

अनुबन्ध संख्या: 11 वर्ष 1989-90

नीचे दी गई मदों का निर्माण कार्य मात्रा अनुसूचि में दी गई मात्राओं से काफी अधिक किया गया लेकिन बढ़ी हुई मात्राओं के निर्माण के लिए सक्षम प्राधिकारियों से स्वीकृति नहीं ली गई जो कि आपत्तिजनक है । अत: बिना पूर्व स्वीकृति से किए गए कार्य का औचित्य दिया जाए तथा विहित अधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके आगामी लेखा परीक्षा में दिखाई जाए :-

मात्रा अनुसूचि की मद संख्या	मात्रा जो की जानी थी ।	मात्रा जो 19 वें चलत बिल तक की गई ।	अन्तर
परिशिष्ट "ए"			
2	414.72 घनमी0	744.25	329.53
4(सी)	63.30 चलत मी0	464.70	401.40
5	121.14 घनमीटर	199.02	77.88
11	171.72 वर्गमी0	343.42	171.70
12	121.94 घन मीटर	325.38	203.44
16(स्टोन मैसनरी	201.57 घन मीटर	429.39	227.82
27(टेराजो टाईल्ज	33.00 वर्ग मी0	252.14	219.14
37(पेंटिंगटाप स्फ	326.40 वर्ग मी0	582.01	255.61
